IJARSCT
International Journal of Advanced Research in Science, Communication and Technology
International Open-Access, Double-Blind, Peer-Reviewed, Refereed, Multidisciplinary Online Journal
ISSN: 2581-9429
Volume 2, Issue 2, February 2021
Impact Factor: 5.731

उमराव सिंह जाटव का कथा साहित्य दमन और प्रतिकार का आख्यान

डॉ अजय कुमार बिन्द
असि प्रोफेसर – हिंदी
राजकीय महाविद्यालय, नानौता ,सहारनपुर
drajaybind@gmail.com

रचनाकार उमराव सिंह जाटव का जन्म 08 फरवरी 1948 को चिटहरा , गौतम बुद्व नगर उ0प्र0 में हुआ । उनका पिता भारतीय सेना में सैनिक थे। वे द्वितीय विश्व युद्व में वे मिश्र और तुर्की में मित्र राष्ट्रों के लिए मोर्चे पर लड चुके थे। सैन्य परंपरा उनके परिवार में विरासत के रूप में स्थापित हुई । उनके बडे भाई भी भारतीय सेना में शामिल हुए। पिता की जागरूकता का शायद यह प्रभाव था कि उन्हे ईसाई मिशनरी में पढने का मौका मिला । लेकिन पॉचवी से आगे पढाई के लिए उन्हाने स्थानीय स्कूल में प्रवेश किया । वहॉ से इण्टर पास करने के बाद उच्च शिक्षा के लिए उन्होने गाजियाबाद के एम.एम.कालेज कालेज में प्रवेश लिया। बी.ए. और चित्रकला में एम.ए. की शिक्षा प्राप्त की। एम.ए. में शिक्षा के दरम्यान ही उनका चयन पुलिस उपाधीक्षक के पद पर हो गया था। लेकिन दुर्घटना के कारण वे उस वर्ष नौकरी में प्रवेश नहीं पा सके । उन्होने इस पर हार नहीं मानी । उनके बडे भाई ने उनका सम्बल बढाया। पुन; परीक्षा में सफलता प्राप्त कर उन्होने उसी पद को प्राप्त किया। उन्होने पूरे देश आतंकवाद ग्रस्त और नक्सलवाद के प्रभाव वाले क्षेत्रों में कार्य किया । उन्हे अपनी सेवाओं के लिए कठिन सेवा पद और राष्ट्रपति द्वारा सराहनीय सेवा पदक प्राप्त किया। पुलिस की उन्होनें 36 वर्ष की सेवा की और वर्ष 2008 में पुलिस उपमहानिरीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए। स्वयं अपने एक परिचय में उन्होने बताया कि बचपन से ही साहित्य की ओर उनका झुकाव रहा । आठ वर्ष की अवस्था में ही उन्होने पहली कहानी लिखी। माहौल इस प्रकार था कि वह कहानी कोई फल दिए बिना ही बरसात में गल गई। लेकिन उनके मन में साहित्य रचना की ललक बनी रही। इस ललक को उन्होने अपनी सेवा के आखिरी पडाव में ठोस रूप देना शुरू किया । उनकी रचनाएं निम्न है–

- कविता ; अतीत से झांकते सम्बन्ध
  ; प्रतिरोध के स्वरों पर सवार (कविता संग्रह)
- कहानी संग्रह ; आधे दलित का दुख
- उपन्यास ; थमेगा नहीं विद्रोह

Copyright to IJARSCT
www.ijarsct.co.in

ISSN 2581-9429 IJARSCT